आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 12.01.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में युवाओं को प्रेरित करने वाली कई गतिविधियों में भाग लिया।
- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह मं भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- आपदा प्रबंधन भवन में 'नर्सों के लिए आपदा प्रबंधन में तैयारी और प्रतिक्रिया' पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर आज से मायाबंदर में एस पी–कप विंड बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट–2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में हिस्सा लिया। श्री मोदी ने एक प्रदर्शनी का दौरा किया और कुछ युवाओं से बातचीत की, जिन्होंने प्रधानमंत्री के समक्ष विकसित भारत के बारे में अपने–अपने लक्ष्य प्रस्तुत किये। इन प्रस्तुतियों में भारत की सर्वाधिक ज्वलंत चुनौतियों के बारे में नए विचार और समाधान दर्शाए गए थे। श्री मोदी राष्ट्र के भावी नेताओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करने तथा उनके सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर से आए तीन हजार गतिशील युवा नेताओं से मिले। प्रधानमंत्री ने उनके साथ दोपहर का भोजन किया और युवाओं को अपने विचार, अनुभव और आकांक्षाएं प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री के साथ साझा करने के अवसर प्राप्त हुए। उन्होंने इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा दस विषयों पर लिखे गए उत्कृष्ट निबंधों के एक संकलन का विमोचन भी किया। विकसित भारत संवाद, युवाओं को देश के भविष्य के बारे में अपने विचारों से, नीति–निर्माताओं और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विभूतियों को सीधे अवगत कराने का अवसर प्रदान करता है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग ने शिक्षा विभाग, जे एन आर एम, एन वाई के, भारतीय खेल प्राधिकरण और रामकृष्ण मिशन के सहयोग से स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर आज एक योग सत्र, युवा

रैली और विशेष चित्रकला कार्यक्रम "आर्ट फॉर कॉज" का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी और आम लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अवसर पर नेताजी स्टेडियम ग्राउंड में सुबह छह बजे से साढ़े सात बजे तक योग सत्र आयोजित किया गया। इसके बाद नेताजी स्टेडियम से सुबह आठ बजे युवा रैली निकाली गई। श्री विजयपुरम के आर के मिशन के सचिव ओम कारात्मानंद ने नेताजी स्टेडियम से युवा रैली को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में आठ सौ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

विवेकानन्द केन्द्र नगरपालिका विद्यालय रांची टेकरी ने आज स्वामी विवेकानन्द जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा उप–निदेशक डॉ. अविजीत राय मुख्य अतिथि थे और श्री विजयपुरम नगरपालिका विभाग के कार्यकारी अभियन्ता अशीम कुमार पॉल सम्माननीय अतिथि थे। मुख्य अतिथि डॉ अभिजीत रॉय ने अपने संबोधन में स्कूल की प्रयासों की सराहना की और उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्दा की सिद्धान्तों पर चलने की आत्म अनुशासन बनाए रखने की तथा राष्ट्र के लिए समर्पित होने की प्रेरणा दी। विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय के सचिव वर्षा बुजोन ने अपने संबोधन में प्रगतिशील और जिम्मेदार समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका के विषय में बताया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने डॉकिंग से पहले स्पैडेक्स कार्यक्रम के तहत अपने दो उपग्रहों को स्थिर करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इसरो ने चेसर और टारगेट उपग्रहों को सुरक्षित दूरी पर ले जाने से पहले उन्हें तीन मीटर की दूरी पर लाने में सफलता प्राप्त की।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, आपदा प्रबंधन निदेशालय और ट्रेन्ड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया मुख्यालय के सहयोग से हाल ही में आपदा प्रबंधन भवन में 'नर्सों की आपदा प्रबंधन में तैयारी और प्रतिक्रिया' पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में आपदा प्रबंधन निदेशक प्रियंका कुमारी और स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी उपस्थित थे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में नर्सिंग अधिकारियों, सी एच ओ, पी एच एन और ए एन एम सहित तीस नर्सों ने भाग लिया और इसका उद्देश्य नर्सों को आवश्यक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करना था, ताकि वे आपदाओं और आपात स्थितियों का प्रभावी ढंग से

जवाब दे सकें और मरीजों और समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम की शुरुआत में नर्सेस और आपदा प्रबंधन विभाग के वक्ताओं द्वारा दिए गए व्यावहारिक व्याख्यानों से हुई। इस कार्यशाला का मुख्य आकर्षण अग्नि सुरक्षा, खोज और बचाव पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र था। अग्नि सुरक्षा विभाग, एन डी आर एफ टीम और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा एक मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर टेन्ड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाखा की अध्यक्षा एनी अशोक द्वारा उपस्थित लोगों को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ हुआ। इस शाखा की एक उल्लेखनीय उपलब्धि क्रेडिट ऑवर्स के साथ प्रमाणित सी एन ई प्रदाता होने का पदनाम था, जिसे तमिलनाडु नर्सिंग एंड मिडवाइफरी काउंसिल द्वारा प्रदान किया गया था। इस दो दिवसीय सी एन ई कार्यशाला में उपस्थित लोगों को इसके लिए बारह क्रेडिट घंटे प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर मध्योत्तर अण्डमान पुलिस की ओर से सोलह जनवरी को मायाबंदर में एसपी–कप विंड बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट–2025 का सफल आयोजन होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट आज से शुरू होकर सोलह जनवरी तक चलेगा। इस खेल में कौशल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा। पूरे क्षेत्र से कुल सोलह टीम भाग ले रहे है, जो मैदान पर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन उपस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रयास खेलों को बढ़ावा देने और सौहार्दपूर्ण पुलिस–पब्लिक संबंधों के लिए एक शानदार मंच रहा है। इस टूर्नामेंट ने न केवल समुदाय, खासकर युवाओं के साथ एक मजबूत बंधन बनाने में हमारी मदद की है, बल्कि इसने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर भी प्रदान किया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत कल लिटिल अंडमान के पंचायत समिति हॉल में 'सामुदायिक विकास के लिए एस.एच.जी. और पी आर आई के बीच तालमेल बनाने' के लिए एक ब्लॉक–स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ई.डब्ल्यू.आर, एस.एच.जी. और सी.आर.पी. सहित स्थानीय अधिकारियों को शामिल करना था। प्रशिक्षण का उद्घाटन लिटिल अंडमान के खण्ड विकास अधिकारी बेल्थेजर ने किया। एस. परमेश्वरी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ने एस.एच.जी और पी.आर.आई की बुनियादी बातों पर प्रकाश डाला। क्लस्टर समन्वयक कृष्ण कांता गोल्धार, ने एस एच जी और पी आर आई की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर एक संक्षिप्त विवरण दिया। मोहम्मद आरिफ, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, ने सतत विकास के लिए संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ उठाने, स्वयं सहायता समूहों और पी आर आई के लिए सामान्य

लक्ष्यों और उद्देश्यों की पहचान करने, एन आर एल एम प्लेटफार्मों और स्वयं सहायता समूहों और पी आर आई के बीच तालमेल और सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने पर गहन सत्र प्रदान किया।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षाणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अतिथि प्रवक्ता के लिए आवेदन मांगे गए है। योग्यता, साक्षात्कार के लिए कार्यक्रम और डेमों विषयों के विवरण की जानकारी संस्थान की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार संस्थान के अकादमिक सेल से सभी कार्य दिवसों पर सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>